मीरजापुर पुलिस

प्रेस नोट

दिनांकः 01.11.2022

मीरजापुर पुलिस द्वारा 32 बोर देशी पिस्टल व 315 बोर देशी तमंचा मय 03 अदद जिन्दा कारतूस के साथ दो असलहा तस्कर गिरफ्तार —

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'संतोष कुमार मिश्रा' द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देश दिए गये हैं ।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांक 01.11.2022 को थाना कछवां पुलिस व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है । प्रभारी निरीक्षक कछवां राम स्वरूप वर्मा मय टीम व स्वाट/सर्विलांस प्रभारी राजेश जी चौबे मय टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना कछवां क्षेत्र से 02 संदिग्ध व्यक्तियों 1. सुन्दरम उपाध्याय पुत्र राजेश उपाध्याय व 2. शिवम तिवारी उर्फ बंटू पुत्र संजय तिवारी निवासीगण ग्राम तोषवा थाना पड़री जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर जामा तलाशी ली गयी तो सुन्दरम उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद देशी पिस्टल 32 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर तथा शिवम उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कछवां पर मु 0अ0सं0-157/2022 धारा 3/25 आयुध अधि 0 बनाम सुन्दरम एवं मु 0अ0सं0 158/2022 धारा 3/25 आयुध अधि 0 बनाम शिवम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

विवरण पूछताछ —

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया गया कि हम लोगो के द्वारा नाजायज असलहो की खरीद फरोख्त कर व्यापार किया जाता है । गैर जनपदों एवं प्रांतों के कुछ लोग हम लोगो के सम्पर्क में है जिनके द्वारा नाजायज असलहों को हम लोगो को उपलब्ध कराया जाता है । जिसको हम लोगो द्वारा आसपास के क्षेत्रों में लोगो से सम्पर्क कर ज्यादा दाम में बेच कर धन अर्जित किया जाता है ।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त —

1. सुन्दरम उपाध्याय पुत्र राजेश उपाध्याय निवासी ग्राम तोषवा थाना पड़री जनपद मीरजापुर , उम्र करीब-18 वर्ष ।
2. शिवम तिवारी उर्फ बंटू पुत्र संजय तिवारी निवासी ग्राम तोषवा थाना पड़री जनपद मीरजापुर , उम्र करीब -18 वर्ष ।

बरामदगी विवरण —

01 अदद देशी पिस्टल 32 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर

01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

आपराधिक इतिहास —

1- मु0अ0सं0-157/2022 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना कछवां जनपद मीरजापुर (बनाम सुन्दरम उपाध्याय)।

2- मु0अ0सं0 158/2022 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना कछवां जनपद मीरजापुर (बनाम शिवम तिवारी)।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

उ0नि0 लव सिंह थाना कछवां जनपद मीरजापुर मय टीम ।

उ0नि0 राजेश जी चौबे प्रभारी स्वाट/सर्विलांस जनपद मीरजापुर मय टीम ।

मीरजापुर पुलिस